**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 763**
दिनांक 7 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

**नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्रों में शिशुगृह**

**763. श्री दर्शन सिंह चौधरी:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आगामी तीन वर्षों के दौरान होशंगाबाद नरसिंहपुर लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नवनिर्मित एवं प्रस्तावित आंगनवाड़ी केंद्रों में शिशुगृह के निर्माण की सरकार की कोई योजना है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (ख):** पालना एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है और आंगनवाड़ी-सह-शिशुगृहों की स्थापना और संचालन के लिए प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त होते हैं, जो योजना के कार्यान्वयन के लिए अपने तदनुरूपी हिस्से का अंशदान करने के लिए भी उत्तरदायी होते हैं। अब तक की स्थिति के अनुसार, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार कुल 11,395 आंगनवाड़ी केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। मध्य प्रदेश राज्य द्वारा 448 आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना के प्रस्तावों को मंत्रालय द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, मध्य प्रदेश राज्य ने उपर्युक्त अनुमोदित एडब्ल्यूसीसी का संचालन शुरू नहीं किया है।

*****